RAF SECTOR

NEWS CLIP

21/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Patrika (Sagar,MP)

अब तक जिले में तीन पैरामिलिट्री कंपनियों ने डाला डेरा

पैलेट व मल्टीफायर स्मोक टियर गन से लैस हैं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सागर. विधानसभा निर्वाचन के तहत मतदान की तिथि नजदीक आने से पहले जिले में पैरामिलिट्री फोर्स की आमद भी तेज हो गई है। एसआरपीएफ और कर्नाटक से रिजर्व पुलिस बल के बाद सोमवार को रैपिड एक्शन फोर्स ने भी जिला मुख्यालय पर डेरा डाल लिया है। अहमदाबाद से आई रैपिड एक्शन फोर्स की ब्राबो-100 कंपनी को सिरोंजा स्थित हॉस्टल में ठहराया गया है। दंगा-उत्पात जैसी घटनाओं से निपटने में एक्सपर्ट रैपिड एक्शन कंपनी के जवान पैलेट और स्मोक टियर बम चलाने वाली मल्टीफायर गनों से लैस हैं।

सागर केआठ विधानसभा क्षेत्रों में 2097 मतदान केंद्रों पर शांति और सुरक्षा के बीच निष्पक्ष मतदान कराने करीब साढ़े आठ हजार पुलिस और पैरामिलिट्री बल की डिमांड भेजी गई थी। इनमें से जिला पुलिस के पास करीब ढाई हजार का बल उपलब्ध है। अतिरिक्त फोर्स के लिए निर्वाचन आयोग को अवगत कराया गया था जिसके बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्धता के आधार पर पैरामिलिट्री फोर्स भेजी जा रही है।

एक पखवाड़े पहले से जिले में फ्लैग मार्च निकाल रही एफआरपीएफ (स्पेशल रेलवे सुरक्षा बल) के बाद तीन दिन पहले ही कर्नाटर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कंपनी ने आमद दर्ज कराई थी। इन दोनों केंद्रीय पैरामिलिट्री कंपनियों को मकरोनिया के रविदास भवन में रोका गया है।

सोमवार को अहमदाबाद से आरएएफ की कंपनी का रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह सिकरवार ने स्वागत किया। डिप्टी कमांडेंट पवन कुमार के नेतृत्व में आई कंपनी के

उपद्रव-बेकाबू भीड़ को काबू करने में एक्सपर्ट

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को बेकाबू भीड़ व दंगा जैसे हालातों पर कम से कम हथियार और बल के बावजूद काबू करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सागर पहुंची आरएएफ की कंपनी को फिलहाल जिला मुख्यालय पर रिजर्व बल के रूप में रखा जाएगा। इसका उपयोग जिले में जरूरत पड़ने पर किया जाएगा। जिले की 8 विधानसभाओं के22 संवेदनशील क्षेत्रों के 629 मतदान केंद्रों में किसी भी हलचल पर इस बल की मदद से उसे काबू किया जा सकेगा।

जवानों को सिरोंजा स्थित छात्रावास में ठहराया गया है। यहां पुलिस द्वारा उनके भोजन और विश्राम सहित अन्य इंतजाम कराए हैं।

Dainik Bhaskar (Jaipur,Raj.)

रामगंज में पथराव करने वालों को भेजा जेल, इलाके में फ्लेग मार्च



जयपुर| रामगंज की हिदा की मौरी स्थित जीण माता का खुर्रा में रविवार को पथराव करने वाले 14 जनों को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया। पुलिस सोमवार शाम को पुरे इलाके में आरएएफ के जवानों के साथ फ्लेग मार्च किया और अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात कर दिया। थानाधिकारी गुर भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार को इलाके में शांति रही। गौरतलब कि रविवार को आपसी कहासुनी के बाद दो पक्षों में पथराव हो गया जिसमें एक महिला-चार पुलिसकर्मियों सहित 7 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने सोमवार को इलाके में ड्रोन उड़ाया और कई घरों की छतों पर रखे पत्थर हटवाए।

Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।